Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 21-03-2022 | अंक 173

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### तालाब में डूबने से 52 वर्षीय वृद्ध की मौत



मृतक का फाइल फोटो

बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत निवासी बबुनी सिंह उम्र 52 वर्ष पिता बंधन सिंह का निधन बीते रात तालाब में डूबने से हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रात 8 बजे शौच के लिए तालाब गया हुआ था। जहां पैर फिसलने से वह तालाब में डूब गया। जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई थी। काफी देर तक घर वापस ना पर परिजनों ने उनका खोजबीन शुरू किया। सूचना मिलने पर गांव के लोगो ने तालाब में काफी छान बीन की लेकिन मृतक का शव निकालने में असफल रहे। वहीं चौपारण चयकला से गोताखोरों को बुलाया गया जहां काफी मशक्कत के बाद मृतक का शव निकाला गया।
ग्रामीणों के द्वारा चंदा इकट्ठा कर 15,000 रुपया गोताखोरो को भुगतान किया गया। वहीं शव को बरही पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद मृतक के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया गया। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो, उप मुखिया प्रतिनिधि पप्पू पांडेय, संतोष राजवार, दामोदर माहतो, मोतीलाल चौधरी, मुरारी पांडेय, बिनोद पांडेय, गौतम पांडेय, ईश्वर साव, नंदू साव, श्याम सिंह, बासुदेव सिंह, बा. लेश्वर सिंह, करण सिंह, अविनाश कुशवाहा, टुल्लू सिंह, संतोष सिंह, अशोक केशरी एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### डीजे बजाने के दौरान आपस मे मारपीट के 6 आरोपियों को जेल





कोनरा भुइयां टोली में रविवार रात लगभग 12 बजे डीजे बजाकर नाचने के दौरान आपस मे मारपीट किया गया। मारपीट में शामिल ननकू कुमार, उमेश कुमार, बीरेंद्र कुमार,कर्ण कुमार, कुलदीप कुमार, गोलू कुमार, को बरही पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दी।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

# स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्टडी मैटेरियल उपलब्ध कराएगा चाणक्य आईएएस एकेडमी

## स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय की बैठक में पुस्तकालय विकास पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के सभागार में स्वामी विवे. कानंद पुस्तकालय की बैठक हुई। अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर एवं संचालन सचिव कृष्णा प्रजापति ने किया। बैठक में चाणक्या आईएएस एकेडमी के जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा एवं हज़ारीबाग़ सेंटर हेड मोहन कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए। दोनो को बुके देकर स्वागत किया गया। बैठक में पुस्तकालय के विकास पर चर्चा किया गया। उपस्थित लोगों ने पुस्तकालय को बेहतर बनाने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्टडी मैटेरियल की व्यवस्था करने पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जीएम रीमा मिश्रा ने कहा कि चाणक्या अपना विजन के साथ आगे बढ़ रहा है। चाणक्या का सपना है कि गांव का बेटा एवं बेटी भी आईएएस, आईपीएस बने। इसके लिए गरीब मेधावी बच्चों को आगे बढ़ाने का काम चाणक्या करेगा। पुस्तकालय की टीम की अनुसंशा पर गरीब मेधावी बच्चों को फीस में विशेष छूट की व्यवस्था की जाएगी। कहा कि मेधावी बच्चों को उनके मंजिल तक पहुंचाने में आर्थिक बाधा उतपन्न नही होने दिया जाएगा। उन्होंने घोषणा की यूपीएससी प्रतियोगिता परीक्षा के लिए जरूरी आवश्यक स्टडी मैटेरियल की पूरी व्यवस्था चाणक्या आईएएस एकेडमी करेगा। इसके साथ ही समय समय पर चाणक्या के द्वारा बरही में करियर काउंसिलिंग भी कराई जाएगी। सेंटर हेड मोहन कुमार ने चाणक्या के सिलेबस, फी स्ट्रक्चर सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। कहा कि स्वामी विवेक. ानंद पुस्तकालय को प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए सुसज्जित कराई जाएगी। मौके पर देवधारी प्रजापति, बीरेंद्र रजक, किशुन यादव, सुरेंद्र रजक, गुलाब दास, दिनेश यादव ने भी अपना विचार रखा। मौके पर शमशेर आलम, बीरेंद्र रजक, इंद्रदेव ठाकुर, रितेश गुप्ता, सुरेंद्र कुमार रजक, मेवालाल केशरी, संतोष निषाद, सोनू पंडित, प्रख्यात कुमार, दिनेश यादव, पिंटू ठाकुर, अमित सिंह, मनोज उपाध्याय, विक्रम कुमार, शम्भू माली सहित कई लोग मौजूद थे।





रीमा मिश्रा को स्वागत करते स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय कमेटी के लोग

# झारखण्ड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन इंटर डिस्ट्रिक अंडर-19 टूर्नामेंट 2021-22 में बीएसए के तीन खिलाड़ियो का चयन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखण्ड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में 21 मार्च से आयोजित इंटर डिस्ट्रिक अंडर-19 टूर्नामेंट 2021-22 में बरही बीएसए के तीन खिलाड़ी धनंजय कुमार पिता दीनानाथ यादव ग्राम खोंड़ाहर, सचिन कुमार पिता दुर्गा यादव ग्राम श्रीनगर एवं प्रभात कुमार पिता प्रकाश यादव ग्राम हरला का चयन हुआ है। इस टूर्नामेंट को ग्रुप ए, बी एवं सी में बाटा गया है, हजरीबाग जिला टीम को ग्रुप बी में रखा गया है। जहां 22 मार्च को पलामू बनाम हजरीबाग, 23 मार्च को गढ़वा बनाम हजरीबाग, 24 मार्च को चतरा बनाम हजरीबाग, 26 मार्च को साहेबगंज बनाम हजरीबाग के बीच खेला जाएगा। उक्त राज्य स्तरीय मैचों में अपने जिला का प्रतिनिधिव करते हुए बरही के तीन खिलाड़ी नजर आएंगे, जो बरही के खेल प्रेमियों के लिए गौरव की बात होगी। इस बाबत बरही बीएसए के संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमलोग पूरी निष्ठा के साथ बरही के खिलाड़ियो को एक बेहतर प्लेटफॉर्म देने एवं बरही में खेल का एक बेहतर वातावरण बनाने का कार्य कर रहे है। यहां के बच्चों में भी प्रतिभा की कोई कमी नही है यही कारण है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यहां के बच्चे जिला एवं राज्य का प्रतिनिधिव कर चुके है। हमे प्रतीक्षा है जब यहां के बच्चे देश का प्रतिनिधित्व कर अपने क्षेत्र अपने गुरु एवं माता पिता का नाम रौशन करेंगे।



धनंजय कुमार



सचिन कुमार यादव



प्रभात कुमार यादव

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्री श्री 108 राम चरित्र मानस महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू

### 351 कन्याओं महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर किया क्षेत्र भ्रमण, जय कारो और मंत्रोच्चारण से गुंजायमान हुआ पूरा क्षेत्र




**पेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत चौबे पंचायत के लक्ष्मीपुर मैं श्री श्री 108 रामचरितमानस महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया गया।इसकी शुरुआत 16 फरवरी को भूमि पूजन झंडा रोपण के साथ हुई। यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा गाजे-बाजे ढोल के साथ हुई, कलश यात्रा में 351 कन्याओं एवं महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर भ्रमण किया।कलश यात्रा की शुरुआत यज्ञचार्ज पंडित पंकज शास्त्री पूर्व विधायक जानकी यादव जीप उपाध्यक्ष चंदन देवी ऐपवा प्रदेश अध्यक्ष सविता सिंह विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील मेहता संसद सह मुखिया प्रति. निधि सुबोध चौधरी ,सुशील पांडेय उप प्रमुख दुर्गा यादव अनुज रवि अशोक यादव राम जी चौधरी रामेश्वर साव युवा। नेता आलोक सिंह मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कलश यात्रा लक्ष्मीपुर यज्ञ स्थल से शुरू कर चौबे शिव मंदिर उत्तरवाहिनी बराकर नदी के तट पर पहुंची। जहां पर यज्ञाचार्य श्री पंडित पंकज शास्त्री जीने अपने सहयोगी आचार्य के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण से वरुण देव का आह्वान व गंगा की पूजा अर्चना कर मुख्य पुजारी दिलीप चौधरी और उनकी पत्नी से जल उठाया। कलश यात्रा में जल भरकर सभी कलश यात्री यज्ञ मंडप में अपने-अपने कलश स्थापित किया। यह यज्ञ 21 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक होगा रात्रि में कथा वाचिका सुश्री अंजनी सुप्रिया शास्त्री जी वृंदावन के द्वारा तथा किया जाएगा। प्रतिदिन संध्या रामलीला वृंदावन के द्वारा होगी, अंतिम दिन दुगोला कार्यक्रम गुड्डू हलचल अरवल बिहार कमलेश दे. हाती बलिया यूपी के द्वारा होगा। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ अध्यक्ष नागेश्वर पासवान ,सचिव सुरेश पासवान, कोषाध्यक्ष बासुदेव वर्मा ,बाजू पा. सवान ,सदस्य भीखन पा. सवान ,किशन पासवान ,बहादुर पासवान, मुनीलाल पासवान ,गिरधारी पासवान ,गोविंद पासवान ,सकलदेव पासवान, रोहन सिंह, संजय चौधरी, वरुण चौधरी, जुटे हुए हैं। इस मौके पर चलकुशा मुखिया प्रतिनिधि लखन साव, खरगु मुखिया प्रतिनिधि दिनेश पांडे ,प्रकाश पा. सवान, विजय चौधरी, बसंत पांडेय,विनोद चौधरी ,महेश पासवान समेत समस्त चौबे लक्ष्मीपुर के ग्रामीण जनप्रतिनिधि समा. जसेवी मौजूद थे।

## बरकट्ठा में बनाया गया 7 चलकुशा में 3 परीक्षा केंद्र सभी परीक्षा केंद्रों में केंद्राधीक्षक नियुक्त

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा (हजारीबाग) : झारखंड एकेडमिक काउंसिल के मैट्रिक व इंटर की परीक्षा को लेकर बरकट्ठा में प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है। इस बाबत प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि बरकट्ठा में 7 व चलकुशा में 3 परीक्षा केंद्र इंटर और मैट्रिक परीक्षा के लिए बनाए गए है परीक्षा कदाचार मुक्त हो इसके लिए विशेष जिम्मेवारी निभाने वाले केंद्राधीक्षक और वीक्षकों की भी प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। इस निमित्त बरकट्ठा प्रखंड में कुल 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें प्लस 2 स्कुल बरकट्ठा में केंद्राधीक्षक रविंद्र कुमार पांडेय, प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कुल बरकट्ठा में केंद्राधीक्षक उमेंश कुमार शर्मा, मध्य विद्यालय बरकट्ठा में केंद्राधीक्षक प्रवीण कुमार, उत्क्रमित कन्या उच्च विद्यालय बेलकपी में केंद्राधीक्षक छत्रु प्रसाद, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंडासिंघा में केंद्राधीक्षक संतोष कुमार, उत्क्रमित उच्च विद्यालय झुरझुरी में केंद्राधीक्षक रंजीत रविदास, राजकीय बुनियादी विद्यालय बेलकपी में केंद्राधीक्षक उदय शंकर मंडल को जिम्मेवारी दी गयी है वही चलकुशा प्रखण्ड क्षेत्र में उत्क्रमित उच्च विद्यालय चलकुशा में केंद्राधीक्षक मो नोशाद, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सलेडीह में केंद्राधीक्षक सहदेव राम और उत्क्रमित उच्च विद्यालय उर्दू रागडीह में केंद्राधीक्षक अरुण कुमार दास को परीक्षा सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी दी गयी है ।

APEM LIVE

## अपने काम से जानी जाती है दया बहन कुमकुम

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा हमेशा लोगों के सुख दुःख में शामिल रहनेवाली जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी को जब दिव्यांग स्कूल वैन के एक्सीडेंट की खबर मिली वह अपने आदत के अनुसार तुरन्त घायलों के इलाज के लिए लग गयी इसी कड़ी में बुरी तरह घायल ईलाजरत छात्र शिवम के पिता गैपाहडी निवासी टेकलाल महतो ने अपना दुःखडा कुमकुम को बताया तो कुमकुम देवी ने लोगों से सोशल मीडिया के द्वारा मार्मिक अपील कर आर्थिक सहायता करवाई। उसके बाद सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर बच्चे के ईलाज और आर्थिक सहायता हेतु आग्रह की। स्वास्थ्य मंत्री ने उदारता दिखाते हुए तुरंत अस्पताल प्रबंधन से बात कर ईला. जरत छात्र शिवम का इलाज आयुष्मान योजना के तहत करने का निर्देश दिए जिससे घायल बालक का इलाज हो पाया कुमकुम के द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना पूरे प्रखण्ड के लोग कर रहे हैं।ज्ञात हो वे हमेशा इस तरह की सहायता के लिए मौजूद रहती है

## अंतिम दौर में पहुंचा शिक्षको का प्रशिक्षण आखिरी बैच के प्रशिक्षण का शुभारंभ

### शिक्षक प्रशिक्षित होकर इसे बच्चों तक ले जाएं: जनार्दन वर्मा



**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कु0 राणा**



चौपारण मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का अंतिम चरण का प्रखंड स्तरीय चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मध्य विद्यालय चौपारण में किया गया द्य प्रशिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा,उमेश कुमार सिंह ,अनुज कुमार वैद्य, राकेश कुमार, प्रखंड साधनसेवी मो0 सईद एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक आरिफ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया द्य शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षकों ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के बाद बच्चों को अच्छे ढंग से शिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण का आयोजन विभाग द्वारा किया गया है द्य सभी शिक्षक अच्छे से प्रशिक्षित होकर इसका लाभ बच्चों तक पहुंचाएं द्य प्रशिक्षकों ने बतलाया की नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के क्रम में निपुण भारत मिशन चलाया जा रहा है द्य इसके तहत वर्ग 3 तक के बच्चों में मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में निपुणता लाया जाना है द्य इसी के तहत शिक्षकों को चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है द्य प्रशिक्षण के दौरान नई तकनीकों एवं शिक्षण विधियों जिसके तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों, टीएल एम का उपयोग आदि की जानकारी दी जाएगी द्य बच्चों को खेल-खेल में गतिविधि आधारित शिक्षण आनंददायी रूप से देकर उनका अक्षर एवं अंक ज्ञान सुदृढ़ किया जाना है द्य 40- 40 के समूह में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है द्य प्रशिक्षण में देवकुमार, देवंती कुमारी, शबाना, रा. जकुमार रविदास. अजीत तिवारी, सिंह रंगीना कुमारी ,उदित कुमार, रंजीत राम ,सीताराम यादव,नकुल रजक, राजेश कुमार,आशा देवी, मोती देवी,संतोष पांडेय, कृष्णा यादव, जुम. राति अंसारी, रजिया सुल्ताना,खुर्शीद अंसारी, श्रवण कुमार,गायत्री साव, गिरजा देवी, मंतोष पांडेय,नागेश्वर कुमार सहित 120 शिक्षक शामिल हैं स

APEM LIVE

दिनांक: 21-03-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 03



## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X<sup>th</sup> Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum










इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारु एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य

मतदान देकर भारी मतों से

विजयी बनाएं...!

सोच हमारी

विकास आपका



**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

## जोश है, होश है, संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली

की बारी है

## कुंती देवी

भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद

सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# सिंघरावां एटीएम चोरी का मामला, पूछता है ग्राहक

## एटीएम में शायद कभी रहता हो राशि फिर 26 लाख कैसे, चोरी या साजिश, जाँच पड़ताल जारी

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कु0 राणा**



जीटी रोड स्थित सिंघरावां एसबीआई एटीएम में बीते दिनों हुए 26 लाख चोरी मामले पर सस्पेंस बना हुआ है। बरही डीएसपी नाजीर अख्तर व सर्किल इंस्पेक्टर रोहित सिंह खुद मामले के जाँच पड़ताल में जुटे है। चोरी का पूरा मामला बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो चुका है। इन सबके बीच पूरे प्रकरण पर एक आसपास के ग्राहकों के बीच एक बड़ा सवाल बना हुआ है कि जिस एटीएम में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है उस एटीएम का इतिहास रहा है कि आप जब भी राशि निक. ासी के लिए जाए हर एक दो दिन में आपको राशि नही रहने की शिकायत मिलता रहा है। सवाल उठना लाजमी है जिस दिन एटीएम में राशि डाला जाता है उसी रात को ही चोरी होना कैसे हुवा, एटीएम में रख रखाव व देख रेख करने वाली कंपनी को जब ये बात पता था कि अगले तीन दिनों तब बैंक बंद रहेगा, बैंकों में लोगों का आना जाना न के बराबर होगा फिर कैसे इतनी बड़ी राशि डाल दिया गया। डिजिटल युग मे ज्यादातर लोग ऑनलाइन राशि का लेन देन किया करते है फिर एटीएम में इतनी बड़ी राशि डालने का क्या औचित्य है। इन सभी सवालों का जवाब पुलिस ढूढने का प्रयाश कर रही है व चोरों तक पहुँचने का कोशिश जारी है। बहरहाल आने वाला वक्त बतलायेगा की क्या सच मे एटीएम में 26 लाख था या कुछ मामला छुपा है। क्या एटीएम में राशि डालने वाली कंपनी का तो मिलीभगत भगत नही है।

**जाँच पड़ताल जारी है, दोषियो पर होगा कार्यवाई : डीएसपी**

इस संदर्भ में पूछे जाने पर डीएसपी नाजीर अख्तर ने बताया कि घटना सूचना के बाद से ही पुलिस हरकत में है। मामले का जाँच पड़ताल जारी है। कहा अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। जो भी इस मामले में संलिप्तता की जाँच हो रही है दोषियो पर होगा कार्यवाई।

# गर्भवती महिला, थैलेसीमिया एवं अन्य लोगों को उपलब्ध कराई गई रक्त

## हर लोगों को यूथ विंग सेवा प्रदान कर सके यही लक्ष्य है :- विशाल खंडेलवाल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



हजारीबाग :- चतरा के गोदरी निवासी प्रियंक जायसवाल की धर्म पत्नी 36 वर्षीय गर्भवती अवस्था में अस्पताल में इला. जरत के दौरान उनके शरीर में रक्त की कमी होने पर चिकित्सकों के द्वारा यथाशीघ्र रक्त उपलब्ध करने को लेकर उनके परिजनों को निर्देश दिया गया आनन-फानन में उनके परिजनों ने ब्लड बैंक से संबंधित रक्त ना मिलने पर बड़ा बाजार यूथ विंग से रक्त उपलब्ध कराने को लेकर मदद की गुहार लगाई यूथ विंग के तमाम पदाधिकारियों ने संबंधित रक्त की खोजबीन में जुट गए जिसके बाद एच. एम.सी.एच के क्वार्टर में निवास कर रहे पप्पू कुमार ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया थैलेसीमिया से पीड़ित 7 वर्षीय बच्चे को रक्त की कमी पाई गई ड०क्टर के द्वारा तत्काल रक्त उपलब्ध कराने को लेकर परिजनों को सूचना दी गई जिसके बाद परिजनों के द्वारा बड़ा बाजार यूथ विंग के पदाधिकारियों से संपर्क किया गया जिसके बाद हजारीबाग के त्रिपल होटल के संचालक नरेश खंडेलवाल के सुपुत्र निखिल खण्डेलवाल ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। हजारीबाग के एच.एम.सी.एच मे इलाज के दौरान ड०क्टर द्वारा तत्काल रक्त उपलब्ध कराने को लेकर परिजनों को सूचना दी गई। जिसके बाद परिजनों ने बड़ा बाजार यूथ विंग के पदाधिकारियों से संपर्क किया। जिसके बाद न्यू एरिया निवासी आकाश सिन्हा ने रक्तदान कर 22 वर्षीय महिला की जान बचाई। मौके पर अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल ने कहा कि हर लोगों को यूथ विंग सेवा प्रदान कर सके यही लक्ष्य है। यूथ विंग सामाजिक और धार्मिक कार्य में आप सभी के आशीर्वाद से एक अलग पहचान बना रही है आप सबों का आशीर्वाद हमारे यूथ विंग पर हमेशा बना रहे। मौके पर सचिव सह कोषाध्यक्ष अमर विनायका ने कहा कि लोगों को रक्त उपलब्ध कराने के बाद मन काफी प्रसन्न होता है। मौके पर उपाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल ने सभी रक्त दाताओं को हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा कि बड़ा बाजार यूथ विंग आपके जज्बे को सलाम करता है आपने गर्भवती महिला, थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे को अपना रक्त दान देकर उन्हें एक नई जिंदगी प्रदान की जिसके लिए बड़ा बाजार यूथ विंग आपका हृदय से आभार प्रकट करता है। मौके पर अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, सचिव कोषाध्यक्ष अमर विनायका, उपाध्यक्ष संजय कुमार डिश, रितेश खण्डेलवाल, संयोजक विकास केशरी, सह संयोजक जय नंदन सिन्हा,सदस्य अतिशय जैन सहित कई लोग उप. स्थित रहे एवं ग्रुप की महिला सदस्य संध्या कुमारी का भी विशेष योगदान रहा।










डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## विभिन्न हिन्दू संगठन ने देखी कश्मीर फाइल्स

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ मुफस्सील प्रमोद कुमार गुप्ता**




आज सवर्ण चित्र मंदिर सिनेमाघर में विभिन हिन्दू संगठनों ने देखी कश्मीर फाइल्स फ़िल्म देखा ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ,बीजेपी नेता,विद्यार्थि परिषद, बजरंग दल,जिसमे गिरीडीह के पूर्व विधायक श्री निर्भय शाहबादी ने पहले फ़िल्म देखी और उन्होंने ने कहा कि यह फ़िल्म हर हिन्दू के देखना चाहिए ।कियोकि इस फ़िल्म में जो दिखाया गया जो कहि न कही हमारे इतिहास से छिपा दी गई ।या हटा ली दी गई है ।जिसे बहुत ही हिम्मत कर के डारेक्टर ने फ़िल्म को बनाई है ये बहुत ही काबिले तारीफ है ।कि किस प्रकार कश्मीरी पंडितों के साथ जुल्म हुआ ।और उन्हें वहां से भाग जाने पर मजबूर किया ।मै धन्यवाद देना चाहता हु हमारे देश के प्रधानमंत्री जी श्री नरेन्द्र मोदी जी और गृहमंत्री मंत्री अमित शाह जी को उन्होंने धारा 370 को हटाया ।जिससे आज कश्मीर फिर से हिंदुस्तान का अंग बना ।जो पूर्ण रूप से अब स्वतंत्र हुआ ।आज लाल चौक पे भारत का तिरंगा झंडा फरया जाता है। ।जिसमे मुख्य रूप से गिरीडीह पूर्व विधायक श्री निर्भय शाहबादी,गिरीडीह बीजेपी अध्यक्ष महादेव दुबे, कोडरमा के पूर्व सांसद रविंद्र र०य, हजारीबाग विभाग के विभाग प्रचारक श्री कुणाल जी,गिरीडीह जिला प्रचारक प्रदीप बाघ जी,विभाग के सह कार्यवाह मुकेश रंजन सिंहजी. ।गिरीडीह खंड के बबलू जी,आकाश जी,संतोष जी,संतोष खत्री जी,पीरटांड़ से विनोद जी,डुमरी से रा. जेश जी,आदि उपस्थित थे।

## डैम में डूबने से एक युवक की गई जान,नहाते वक्त हुआ हादसा

**अपेम लाइवः गिरिडिह रोहित कुमार**



पचम्बा थाना क्षेत्र के खरियोडीह डैम में डूबने से 19 बर्षिय युवक सोनू कुमार दास की मौत हो गया। युवक अपने एक दोस्त सागर कुमार के साथ डैम में नहाने गया था। इसी दौरान मृतक सोनू और सागर दोनों नहाने के दौरान डैम में डूबने लगा। लेकिन सागर किसी तरह डैम से बहार निकल आया लेकिन सोनू डैम में डूब गया। इधर डूबने से बच कर बहार निकला सागर ने हो हल्ला कर स्थानीय लोगों को बुलाया और सोनू के डैम में डूबने की खबर दी। जिसके बाद डैम के पास सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गया। इधर घटना की सुचना मीलते ही पचम्बा थाना प्रभारी नितीश कुमार मी दल बल के साथ खरियोडीह डैम पंहुच और तत्काल गोताखोर की मदद से युवक के शव को खोजबीन में जुट गये। मृतक युवक सेसांग वेड़ा का रहने वाला था और उसकी शादी दो माह बाद थी। वहीं घटना की सुचना पर मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पंहुच गये ।वही परिजनों के चित्कार से पुरा ईलाका सिहर उठा। फिलहाल पुलिस शव को डैम से बहार निकालवाने में जुटी हुई है।

## साली के साथ आपत्तिजनक स्थिति में था युवक, सास-ससुर ने देखा और फिर जो हुआ


**अपेम लाइवः गिरिडिह रोहित कुमार**



ममेरी साली से अवैध सं. बंध के चक्कर में 32 साल का सोनू यादव मारा गया इसका खुलासा पुलिस ने किया है। पुलिस ने शनिवार की सुबह बेला गांव स्थित रेलवे ओवरब्रिज के समीप रेलवे ट्रैक के पोल संख्या 35/21 के पास से बरामद किया था। युवक के शरीर पर तेज हथियार से वार के निशान पाए गए थे। वह मरकच्चो थाना क्षेत्र के कादोडीह पंचायत के ग्राम केतरु सिंघा गांव का रहने वाला था। जांच में जुटी पुलिस को पूछताछ में पता चला कि बेला गांव में युवक का ममेरा ससुराल है। पुलिस ने जब मामा ससुर हीरालाल यादव और सास कौशल्या देवी से पूछताछ की तो कुछ संदेह हुआ ।दोनों को हिरासत में लेकर जब सख्ती से पूछ. ताछ की तो हीरालाल टूट गया और अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि उसकी बेटी के साथ उसका नाजायज सं. बंध था। घटना के बाद उसने दोनों को आपत्ति. जनक स्थिति में देख लिया था। जिसके बाद उसने अपना आपा खो दिया और तलवार से मार कर उसकी जान ले ली। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। युवक पेशे से ट्रक ड्राइवर था। होली मनाने जमशेदपुर से अपने घर केतरूसिंघा लौटा था। मृतक शादीशुदा था और उसके दो छोटे छोटे बच्चे भी है। होली मनाने जब युवक अपने घर लौटा तो शुक्रवार की देर रात वो अपनी प्रे. मिका से मिलने बेला चला गया। इसी दौरान दोनों प्रेमी युगल को मिलते देख युवती के पिता व अन्य ने युवक की हत्या कर दी। और साक्ष्य छुपाने के लिए व इसे दुर्घटना का रूप देने के लिए कोडरमा गिरिडीह रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया।

## बादल छाए रहने के कारण इक्विनोक्स का नजारा नहीं देख पाये खगोल प्रेमी हुए निराश।

**अपेम लाइवः बडकागॉव अमित मालाकार**



इक्विनोक्स फाइल फोटो

पंकरी बरवाडीह मेगालिथ स्थल पर विश्व प्रसिद्ध मे. गालिथ स्थल पास छाये बादल के कारण दो पत्थरों के बीच सूर्य का करवट बदलते इक्विनोक्स का नजारा देखने पहुंचे खगोल प्रेमियों को निराश होना पड़ा ।मेगालिथ स्थल पर 20- 21 मार्च और 22- 23 सितम्बर को समदिवा रात्रि के दिन इक्विनोक्स प्वाइंट से सुर्यगमन के अद्भुत दृश्य देखने को मिलता है । इस समदिवा रात्रि के दिन सुर्य कि किरणें विषुवत रेखा पर सीधी पड़ने एंव दोनों ध्रुवों (उत्तरी व दक्षिणी ध्रुव) में किसी ध्रुवों को झुके नहीं होने के कारण पृथ्वी पर दिन-रात बराबर होता है और 21 मार्च को उत्तरी गोलार्द्ध में बसंत ऋतु और दक्षिणी गोलार्द्ध में शरद ऋतु होती है । वहीं 23 सितम्बर को स्थिति ठीक इसके विपरीत होती है । उत्तरी गोलार्द्ध में शरद और दक्षिणी गोलार्द्ध में बसंत ऋतु होता है। और पृथ्वी के इसी घूर्णन एंव परिक्रमण गति के कारण दिन-रात एंव ऋतुओं में परिवर्तन होता है । इस दिन के अलावे मार्च, जून, सितम्बर एंव दिसम्बर में भी दो बड़े पत्थरों के चारों ओर ज्यामितिय आकार से गणितीय गणना के अनुसार गाड़े गए 24- 25 छोटे बड़े पत्थरों से इन तिथियों के अलावा अन्य दिनों में भी सुर्योदय का नजारा देखा जा सकता है ।इस स्थल के खोजकर्ता अंतर्राष्ट्रीय शोधकर्ता सुभाषीश दास के अनुसार इस स्थल में आदिवासियों , व इस क्षेत्र में पुर्व समय में निवास करने वाले की अतिप्राचीन अध्यात्म, समृद्ध व उन्नत ज्ञान और सिद्धांत को यहाँ से जानने, समझने और प्रत्यक्ष रुप से देखने का मौका मिलता है । एंव सदियों से चली आ रही उन्नत खगोलीय व गणितीय गणना से जुड़ी सुर्य का उत्तरायण और दक्षिणायन में गमन की स्थिति देखा जाता है ।जो प्राचीन पंरपरा आज भी कायम है। वही ऐसी ही इक्विनोक्स का खुबसूरत सुर्योदय का अद्भुत दृश्य देखने के लिए लोग इंगलैंड के न्यूग्रेंज, हेरैंज आदि स्थलों पर हजारों लोग जुटते है। वही पंकरी बरवाडीह का यह ऐतिहासिक स्थल माया सभ्यता और एजटेक सभ्यता से मिलती - जुलती है। क्योंकि उस सभ्यता में भी लोगों में सौंर पंचाग देखने का खास महत्त्व रहा था । इस इ. क्वनोक्स स्थल को स्थानीय निवासी बाल विद्या आश्रम के प्राचार्य रंजीत प्रसाद ने कंपनी व प्रशासन तथा संबंधित विभाग से संरक्षित करने की मांग की है। जिसमें भावी पीढ़ी को हमारे पुर्वजों के उन्नत ज्ञान जान और समझ सकें ।



मेगालिथ स्थल पर उपस्थित खगोल प्रेमी

## गगांदोहर में रामनवमी की झांकी निकालने को लेकर बैठक संपन्न

**अपेम लाइवः बडकागॉव अमित मालाकार**




बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम गगांदोहर मे रामनवमी को लेकर बैठक की गई। बैठक में रामनवमी पुजा को लेकर चर्चा की गई। रामनवमी पुजा भव्य तरह से मनाने को लेकर सहमति बनी। जिसमे गगांदोहर के सभी नागरिकों ने साउंड और झांकी निकालने का निर्णय लिया। वहीं, पूजा समिति की ओर से रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद दांगी, सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा ,मीडिया प्रभारी नंदकिशोर मेहता, कोषाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, पुजारी कृष्ण कुमार कौशल, झांकी निगरानी सदस्य अर. विंद कुमार, सुबोध कुमार, बादल कुमार, राजू कुमार मेहता, रोबिन कुमार, भुनेश्वर प्रसाद ,योगेंद्र महतो, दिलेश्वर महतो ,परवीन महतो, प्रेम महतो ,रोहित कुमार इत्यादि ला. ेगों को झांकी की देखरेख की सदस्य बनाकर जिम्मेवारी सौंपी गई। नंदकिशोर मेहता ने कहा कि हजारीबाग जिला के रामनवमी पुरे भारत में जाना जाता है। 2 साल से ल०कडाउन के कारण रामनवमी सही से नहीं मना पाए थें, अपनी आस्था को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष शांतिपूर्वक बाढ चढ़कर जुलूस निकालेंगे।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विधायक अंबा प्रसाद के प्रश्न भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 एवं वन अधिकार अधिनियम 2006 लागू करने के मामले पर माननीय मुख्यमंत्री ने सदन में लिया संज्ञान

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 एवं वन अधिकार अधिनियम 2006 लागू करने को लेकर विधानसभा सत्र के दौरान माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रश्न कियाद्य उन्होंने मुख्यमंत्री प्रश्नकाल के दौरान मामले को उठाते हुए कहा कि खनन कंपनियों द्वारा झारखंड राज्य में अधिग्रहण में कानून और नियमों को ताक पर रख कर मनमानी की जा रही है। मुआवजा का निर्धारण खनन शुरू करने के कई वर्षों पहले कर लिया जाता है जबकि खनन देर से शुरू किया जाता है। इससे विस्थापितों की उनके जमीन की दर पुराने दर पर काफी कम मिलती है। साथ ही उनकी जमीन वर्षों तक फसी रहती है, वे उस जमीन का कोई उपयोग नहीं कर पाते हैं, उन्हें कंपनियां दवब नहीं देती। विस्थापित और स्थानीय लोग अपनी आवाज उठाते हैं तो उनके ऊपर झूठे केस मुकदमें कर दिए जाते हैं, कंपनियों ने स्थानीय लोगों को दबाने के लिए गुर्गे भी पाल रखे हैं। वही अंबा प्रसाद ने माननीय मुख्यमंत्री जी से विस्थापन आयोग के गठन को लेकर भी निवेदन कियाद्य उन्होंने कहा कि सरकार के समक्ष विस्थापन आयोग के गठन की बात विचाराधीन है और हर दिन हर रात लोग बेघर हो रहे हैं लोगों को बगैर उचित मुआवजा उचित हक एवं अधिकार उपलब्ध कराए घरों से निकाला जा रहा है विधायक अंबा प्रसाद के प्रश्न वर्ष 2013 के उपरांत खनन शुरू करने वाली कंपनियों द्वारा मुआवजा भुगतान हेतु भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 तथा वन अधिकार अधिनियम 2006 लागू कराने के मामले पर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मामला कोयला खनन से संबंधित है और वर्तमान में ब्ठ। ।बज, 〸। ।बज 1894 के तहत भूमि अधिग्रहण किया जाता हैद्य माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि एनटीपीसी द्वारा समय-समय पर राज्य सरकार को शिकायतें प्राप्त होती रही हैद्य केंद्र की पूर्ववर्ती यूपीए सरकार द्वारा लाई गई वर्ष 2013 में भूमि अधिग्रहण अधिनियम कानून लागू करने के मामले पर श्री हेमंत सोरेन जी ने विधायक अंबा प्रसाद को आश्वस्त करते हुए कहा कि देश के अन्य खनिज समृद्ध राज्यों में इस विषय में क्या क्या निर्णय लिए गए हैं उसका अध्ययन करते हुए राज्य सरकार नीति निर्धारण करने के विचार में है और बहुत जल्द उसका अध्ययन कर नीति का निर्धारण किया जाएगा और नीति को लागू किया जाएगाद्य

## विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पर्यटन स्थलों को विकसित करने हेतु उठाया मामला।

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पर्यटन स्थलों को विकसित करने हेतु मामला उठाया।उन्होंने केरेडारी प्रखंड के घागरा डैम छतीसो माता स्थान, कोती झरना, मां अष्टभुजी माता स्थान, बड़कागांव प्रखंड के बुढ़वा महादेव, बरसो पानी, इसको गुफा, मेगालिथ स्थल, डुमारो जलप्रपात, पतरातू प्रखंड के पलानी जलप्रपात, निम्मी झरना, मां पंचवहिनी मंदिर की प्राकृतिक सौंदर्य से सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उक्त स्थलों को पर्यटन क्षेत्र घोषित कर विकसित करने हेतु मांग की।

## विश्व वानिकी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

### महुआ से अचार और लड्डू बनाकर महिलाएं होंगी स्वावलंबी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य करती महिलाएं

विश्व वानिकी दिवस पर सोमवार को ग्राम वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति गड़रबारा के तत्वाधान में सगधोवा डैम परिसर में जागरूकता कार्यक्रम सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ललन प्रसाद ने की। कार्यक्रम में ग्रामीणों को वन एवं पर्यावरण के संरक्षण को लेकर जागरूक किया गया। कहा गया कि वनोपज से कई तरह के लाभ हैं। इसके अलावा वनों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण शिविर में रांची से पहुंचे प्रशिक्षक रमेशचंद्र कुम्हार ने ग्रामीणों को महुआ की उपयोगिता की बारे में बताया। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से महुआ से कई तरह के खाद्य पदार्थ तैयार करने के गुर बताए। महुआ से प्रशिक्षक ने लड्डू, बिस्कुट आदि तैयार कर दिखाया। कहा कि इस उत्पाद से ग्रामीणों को आय की वृद्धि होगी और वे आत्मनिर्भर होंगे। वहीं, सरिता देवी ने महुआ से स्वादिष्ट अचार बनाकर कर लोगों को अचंभे में डाल दिया। प्रशिक्षक ने बताया कि महुआ से तैयार उत्पादों की बाजार में काफी मांग है। यह स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक भी है। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें लोग ढ़ोल मांदर की थाप पर काफी देर झूमते रहे। वन विभाग की ओर से प्रभारी वनपाल मो असलम अंसारी तथा वनरक्षी शैलेश पांडेय ने लोगों की काफी हौसला आफजाई की। उन्होंने वन विभाग से इस दिशा में काम करने के लिए सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर पार्वती देवी, सुगिया दउेवी, उषा देवी, आशा देवी, तिलेश्वरी देवी, पचिया देवी, झनिया देवी, बुधन सिंह, मिना देवी, फुलवा देवी, सारो देवी, सुषमा किस्कू, उमा देवी, शंकुतला देवी, जासो देवी, लीलमुनी देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## मलेशिया में फंसे मजदूरों की वापसी की नहीं हुई कोई सार्थक पहल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



मलेशिया में फंसे झारखंड के मजदूर

दो माह बीतने के बावजूद मलेशिया में फंसे झारखंड के 30 मजदूरों की वापसी की कोई सार्थक पहल नहीं हुई है। इससे मजदूरों में निराशा है। मजदूरों के परिजन भी वापसी नहीं होने से काफी चिंतित हैं। फंसे हुए सभी मजदूर हजारीबाग, बोकारो तथा गिरिडीह जिले के रहने वाले हैं। मजदूरों ने सोशल मीडिया में पुनः वीडियो संदेश जारी कर सरकार से वतन वापसी कराने की गुहार लगाई है। वीडियो संदेश में मजदूरों ने कहा है कि सभी लीडमास्टर इंजिनियरींग एंड कंस्ट्रक्शन एसडीएन बीएचडी के साथ तीन साल के क०न्ट्रैक्ट पर 30 जनवरी 2019 को काम करने मलेशिया गए थे। वहां मलेशिया की रा. जधानी क्वालालम्पुर के बेंटोंग में कार्यरत थे। बीते 30 जनवरी को तीन साल के एग्रीमेंट वीजा अवधि समाप्त हो चुकी है। बीते चार माह का वेतन भी बकाया है। कंपनी बकाया वेतन देने में आनाकानी कर रही है। इधर, वीजा अवधि भी समाप्त होने से मजदूर पुलिस की नजरों से छिपकर अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। वीडियो संद. श में मजदूरो ने कंपनी से बकाया वेतन दिलाने तथा सकुशल वतन वापसी की गुहार भारत व राज्य सरकार से लगाई है। प्रवासी मजदूरसेवी सिकंदर अली कहते हैं कि सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। हैं। फंसे मज. दूरो में हजारीबाग जिला के विष्णुगढ प्रखंड जगलाल महतो (चानो), गोविन्द महतो (चानो), चेतलाल महतो (चानो), भुनेश्वर महतो (चानो), मनोज महतो (चानो), लीलो महतो (चानो), सुरेश महतो (मंगरो), गिरघारी महतो (रखवा), प्रकाश कुमार महतो (भेलवारा), तिलेश्वर महतो (सपमरवां), प्रदीप कुमार महतो (टुट्की), बो. कारो जिले के गोमियां प्रखंड के रोहित महतो (तिसकोपी), प्रेमलाल महतो (तिसकोपी), दशरथ महतो (तिसकोपी), केशु महतो (तिसकोपी), बासुदेव महतो (तिसकोपी), विश्वनाथ महतो (तिसकोपी), पुनीत महतो (बडकी सीधाबारा), प्रेमचंद महतो (छोटकी सीधाबारा), टुकामन महतो (चिलगो), बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड के दुलारचंद महतो (महुवाटांड), भुनेश्वर कमार (महुवाटांड), झरी कमार (महुवाटांड) गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के बिनोद कुमार महतो (खेतको), बासुदेव महतो (खेतको), रामेश्वर महतो (खेतको), बुधन महतो (खेतको), गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड के बुधदेव प्रसाद (मंगलुअहरा), देवानंद महतो (सेवाटांड), बिनोद महतो (घुटवाली) शामिल हैं।

APEM
LIVE

## पुरानी पेंशन बहाली हेतु राष्ट्रीय आँदोलन (एनएमओपीएस) गिरिडीह

**अपेम लाइव : पचंमबा**
**बजरंगी महतो**



**विधानसभा में पुरानी पेंशन के मुद्दे पर घुमावदार जवाब से कर्मचारियों में आक्रोश।**

बजट सत्र में पुरानी पेंशन बहाली की औपचारिक घोषणा नहीं होंने की स्थिति में जिले के चार हजार सात सौ कर्मचारी रांची कूच करने को विवश होंगे- जिला समन्वयक, एनएमओपीएस गिरिडीह आज दिनांक 21 मार्च 2022 को झारखंड विधानसभा में माननीय विधायक, श्री विनोद सिंह एवं श्री लंबोदर महतो जी के पुरानी पेंशन बहाली के प्रश्न पर माननीय वित्त मंत्री श्री रामेश्वर उरांव जी के द्वारा दिया गया जवाब अत्यंत निराशाजनक एवं विचलित करने वाला है।माननीय मंत्री जी का यह कहना की माननीय मुख्यमंत्री जी के वक्तव्य के अनुसार सरकार विचार कर सम्यक निर्णय लेगी परंतु इसके लिए समय निर्धारित नहीं किया जा सकता है। इस मामले को अनावश्यक रूप से लटकाये रखने की मंशा परिलक्षित हो रही है।माननीय मंत्री जी को ज्ञात हो की सत्तारूढ़ दल के घोषणा पत्र में प्रमुखता से शामिल इस मुद्दे को लागू करने के बजाए आकलन करने जैसा बयान देना अत्यंत हतोत्साहित करने वाला है।सरकारी कर्मचारी, सरकार एवं सत्तारूढ़ दल से यह जानना चाहते हैं कि क्या पुरानी पेंशन बहाली को अपने घोषणा पत्र में तथा सरकार बनने के 2 वर्ष पूर्ण होने पर मोराबादी मैदान के कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा अपनें संकल्प की पुष्टि बिना किसी आकलन के ही किया गया था? कोरोना महामारी खत्म होंने के उपरांत इस बजट सत्र में सरकारी कर्मचारी बड़ी उम्मीद से सरकार की ओर देख रहे थे इसके बावजूद भी अभी तक किसी प्रकार का ठोस पहल नहीं किया जाना कर्मचारियों को आंदोलन के लिए विवश कर रहा है। विधानसभा में सरकार के बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि पेंशन बहाली के मुद्दे पर 'सरकार में बैठे स्वयं पुरानी पेंशन के अंतर्गत आने वाले कुछ वरीय पदाधिकारी विधायिका को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।ज्ञातव्य है कि एनएमओपीएस के शिष्टमंडल ने माननीय मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर पुरानी पेंशन बहाली से संबंधित वित्तीय गणना को विस्तृत रूप से सौंपा है उक्त 'गणना के अनुसार आज के समय में नई पेंशन योजना ही सरकार के लिए आर्थिक भार है तथा राज्य सरकार की एक बड़ी धनराशि को केंद्र सरकार के माध्यम से शेयर बाजार के आवारा पूंजीवाद के हवाले किया जा रहा है। झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन जी एक जनवादी रा. जनेता है हमें उम्मीद है कि वे इस बजट सत्र में कर्मच. ारियों को पुरानी पेंशन का तोहफा अवश्य देंगे।